# उज्जैन का सही समय शुरू हुआ है अब : मुख्यमंत्री

- महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ
- उज्जैन में विज्ञान केंद्र का उद्घाटन
- सिंहस्थ 2028 के लिए 700 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में महाकुंभ की तैयारी के बीच महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन का सही समय शुरू हुआ है अब, जो देश और दुनिया देखेगी.**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन प्रवास पर पहुंचे, जहां जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हेलीपैड पर उनका स्वागत किया. उज्जैन पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने पार्श्वनाथ सिटी स्थित स्व. गुरकीरत सिंह मनोचा के निवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. कनाडा में दुर्घटना में दिवंगत हुए मनोचा का पार्थिव शरीर भारत लाने में केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की.

**सीएम और केंद्रीय मंत्री ने दी सौगात**–उज्जैन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का वीवीआईपी गेस्ट हाउस में स्वागत किया. इसके बाद दोनों नेताओं ने उज्जैन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' के उद्घाटन सत्र में भाग लिया.



### 725 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में लगभग 725 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया. इनमें 701.86 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 19.80 किलोमीटर लंबे चार लेन उज्जैन सिंहस्थ बायपास का भूमि पूजन प्रमुख है, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी. इसके साथ ही सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज इकाई के विस्तार कार्य का भी भूमिपूजन किया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2028 में होने वाला सिंहस्थ उज्जैन की वैश्विक पहचान को और सशक्त बनाने का अवसर होगा. सरकार का प्रयास है कि महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु उज्जैन के वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व को भी समझें.

### डोंगला में खगोलीय गणना

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन केवल धर्म की नगरी ही नहीं, बल्कि प्राचीन काल से विज्ञान, गणित और खगोल अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है. उन्होंने कहा कि जब दुनिया समय की गणना सीख रही थी, तब उज्जैन के विद्वान नक्षत्रों की स्थिति और खगोलीय गणनाओं का सटीक आकलन कर रहे थे. उज्जैन और डोंगला क्षेत्र की खगोलीय गणनाओं की सटीकता आज भी अद्भुत है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जा रहा है.

### धर्म ही नहीं अब विज्ञान नगरी भी

-मुख्यमंत्री ने कहा किराज्य सरकार उज्जैन को धर्म नगरी के साथ-साथ विज्ञान नगरी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है. इसी क्रम में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उज्जैन विज्ञान केंद्र का लोकार्पण किया गया. विज्ञान केंद्र में साइंस गैलरी, आउटडोर साइंस पार्क, इनोवेशन और स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल, हेरिटेज थीम गैलरी तथा एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलेगा.

### प्रदर्शनी भी लगाई

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने विज्ञान केंद्र तथा महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम विषय पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया, जिसमें इसरो, आईआईटी इंदौर, आरआरकैट, नेशनल संस्कृत यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिक मॉडल, ड्रोन तकनीक, मंगलयान-चंद्रयान के मॉडल तथा भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े शोध प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में रोबोटिक आर्म द्वारा आरती प्रदर्शन और विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों का डेमो आकर्षण का केंद्र रहा.

### वेबसाइट और पुस्तकों का विमोचन

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2026-27 की वेबसाइट, ब्रोशर और पुस्तकों का विमोचन किया तथा सैटेलाइट मेकिंग वर्कशॉप में भाग ले रहे छात्रों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया. कार्यशाला में विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने नैनो सैटेलाइट निर्माण की प्रक्रिया सीखी.

**मातृभाषा पर जोर**–केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन वह स्थान है जहां अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम दिखाई देता है. उन्होंने कहा कि महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम से महाकाल स्टैंडर्ड टाइम तक की अवधारणा इसी ऐतिहासिक और वैज्ञानिक विरासत को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का प्रयास है. उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को शोध, नवाचार और मातृभाषा से जोड़ने पर भी जोर दिया.

**बालाजी श्याम मंदिर में किए दर्शन**–उज्जैन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने बालाजी श्याम सरकार मंदिर में भगवान हनुमान, खाटू श्याम और देवी दुर्गा के दर्शन कर प्रदेश और देश की समृद्धि की कामना भी की. कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल सहित कई जनप्रतिनिधि, वैज्ञानिक, शिक्षाविद और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# अफीम व एमडी ड्रग्स जब्त, 3 अरेस्ट

## कार्रवाई : नारकोटिक्स विंग का बड़ा ऑपरेशन

**इंदौर, 03 अप्रैल. नारकोटिक्स विंग इंदौर ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अलग अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई में अफीम और एमडी ड्रग्स बड़ी मात्रा में बरामद की गई है.**

उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोलो ग्राउंड क्षेत्र से 22 वर्षीय राज बेहाल निवासी शास्त्री नगर, खंडवा को पकड़ा है. तलाशी में उसके पास से 1 किलो 111 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5.10 लाख रुपए आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई में टीम ने अर्जुन बड़ोद





शिप्रा रोड स्थित श्रीराम ढाबे के पास घेराबंदी कर बिना नंबर की बाइक पर सवार दो संदिग्धों को पकड़ा.

पूछताछ में उनकी पहचान अनस खान उम्र 24 साल निवासी शाजापुर और अभियान अली उम्र 20 साल निवासी राजगढ़ के रूप में हुई. तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 52.24 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5.20 लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपियों से पूछताछ में ड्रग्स तस्करी की पुष्टि हुई है. सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर नेटवर्क और सप्लाई चेन के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

# डायल-112 ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

## मोटर साइकिल दुर्घटना में तीन हुए थे गंभीर घायल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 अप्रैल. दमोह जिले में मोटर साइकिल दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को डायल-112 टीम की तत्पर और संवेदनशील कार्रवाई से समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया.**

गुरुवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना मिली कि हटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी फतेहपुर के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और तत्काल सहायता की आवश्यकता है. सूचना मिलते ही हटा क्षेत्र में तैनात डायल-112 की एफआरव्ही (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल) को तुरंत मौके के लिए



रवाना किया गया. घटनास्थल पर पहुंचकर आरक्षक देवेंद्र आठिया और पायलट श्रीराम पटेल ने स्थिति का आकलन करते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया. उन्होंने घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान की और सावधानीपूर्वक एफआरव्ही वाहन में शिफ्ट किया.

# प्रो. वाईके सिंह ग्रामोदय विवि से सेवानिवृत्त

**चित्रकूट.** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय में पदस्थ प्राध्यापक प्रो. वाई. के. सिंह अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के उपरांत विश्वविद्यालय की सेवाओं से सेवानिवृत्त हो गए हैं. प्रो. सिंह ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रारंभिक काल से जुड़े रहे हैं तथा उन्होंने लंबे समय तक संस्थान की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अपने सेवा काल में उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है. वे शिक्षा शास्त्र के विशिष्ट विद्वान के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं. इस अवसर पर कला संकाय के अधिष्ठाता कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में उनके सहकर्मी प्राध्यापक आदि मौजूद रहे.

# ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

**रीवा.** जिले के रामनई हाईवे के पास आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए उन्हें कुचल दिया. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि अपुष्ट सूत्रों के अनुसार एक व्यक्ति की मौत होने की खबर सामने आ रही है. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और हादसे को लेकर आक्रोश जताया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है.वहीं इस दुर्घटना के बाद रीवा जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ जाम

# विधानसभा की 6 और समितियां गठित

- अब तक कुल 15 समितियां गठित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 अप्रैल, वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए विधानसभा की समितियों के गठन का सिलसिला लगातार जारी है.**

शुक्रवार को भी सदन की 6 और समितियों का गठन किया गया है, इनमें से गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति, पुस्तकालय अनुसंधान एवं संदर्भ समिति,पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति, आचरण समिति एवं कृषि विकास समिति शामिल है. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इन समितियों का गठन किया है. इन समितियों को मिलाकर अब तक सदन की कुल 15 समितियों का गठन कर दिया गया है.

गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का सभापति विजयपाल सिंह को नियुक्त किया गया है. विधायक बालकृष्ण पाटीदार, सुरेन्द्र गहरवार , मथुरालाल डामर, सिद्धार्थ तिवारी,डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह एवं पंकज उपाध्याय सदस्य नामांकित किया गया है. इसी तरह याचिका एवं अभ्यावेदन समिति का सभापति इंजी. प्रदीप लारिया को नियुक्त किया गया है. विधायक कमल मर्सकोले, राजकुमार मेव, विक्रम सिंह, अनिरुद्ध माधव मारू, प्रीतम लोधी, विश्वनाथ सिंह, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महेश परमार मधु भगत एवं आतिफ आरिफ अकील को सदस्य बनाया गया है.

वहीं पुस्तकालय अनुसंधान एवं संदर्भ समिति का सभापति सुरेन्द्र पटवा को नियुक्त किया गया है. विधायक सूर्यप्रकाश मीना, उमाकांत शर्मा,सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, नीरज सिंह ठाकुर,मोहन सिंह राठौर, महेन्द्र नागेश, मुरली भंवरा,डॉ. तेजबहादुर सिंह, कामाख्या प्रताप सिंह, कैलाश कुशवाहा,मुकेश मल्होत्रा, हरिबाबू राय, चैनसिंह वरकड़े एवं विवेक विक्की पटेल को सदस्य बनाया गया है.

पटल पर रखे गये पत्रों का परीक्षण करने संबंधी समिति का सभापति हरदीप सिंह डंग को नियुक्त किया गया है. विधायक प्रेमशंकर वर्मा,जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुकेश टंडन, जितेन्द्र पण्ड्या अम्बरीश शर्मा, शरद जुगलाल कोल, बृजबिहारी पटेरिया, ओमकार सिंह मरकाम, केदार चिड़ाभाई डाबर एवं कुंवर अभिजीत शाह सदस्य होंगे.

आचरण समिति का सभापति दिलीप सिंह परिहार को नियुक्त किया गया है. विधायक हरिसिंह रघुवंशी,हजारीलाल दांगी,चन्दर सिंह सिसोदिया, रमेश प्रसाद खटीक, शरद जुगलाल कोल, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, मधु गेहलोत, देवेन्द्र पटेल आतिफ आरिफ अकील एवं श्रीमती अनुभा मुंजारे को सदस्य बनाया गया है. इसी क्रम में कृषि विकास समिति का सभापति ठाकुरदास नागवंशी को नियुक्त किया गया है. विधायक महेन्द्र सिंह चौहान, शिवनारायण सिंह, राजेश कुमार शुक्ला,श्रीमती मनीषा सिंह, महेन्द्र यादव, श्रीकांत चतुर्वेदी, जितेन्द्र पंडया, सचिन सुभाषचन्द्र यादव, साहब सिंह गुर्जर एवं नीलेश पुसाराम उइके को सदस्य नामांकित किया गया है.



# मध्यप्रदेश के 42 जिलों में बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 03 अप्रैल. मध्यप्रदेश में मौसम के मिजाज में शुक्रवार को बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव ने पूरे प्रदेश को चिंता में डाल दिया है.**

वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय होने के साथ-साथ उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दो नए वेदर सिस्टम बनने से प्रदेश के बड़े हिस्से में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया. मौसम विभाग ने शुक्रवार को 42 जिलों में अलर्ट जारी किया है, जिनमें से 9 जिलों में ओले गिरने की संभावना भी है. गुरुवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई. मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान इंदौर और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम सबसे अधिक आक्रामक रह सकता है. अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी जैसे जिलों में ओले गिरने की संभावना है.

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट है. 4 और 5 अप्रैल को भी राहत के आसार नहीं हैं. 4 अप्रैल को ग्वालियर, चंबल, भोपाल और इंदौर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आंधी-बारिश की स्थिति बनी रहेगी.

### तेज रफ्तार से चलेगी आंधी

प्रदेश के केवल बारिश ही नहीं, बल्कि तेज रफ्तार आंधी का भी खतरा बना हुआ है. मौसम विभाग का अनुसार है कि 6 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्सों में हवाओं की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य जिलों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा रहेगा. भोपाल, उज्जैन, सागर और चंबल संभाग सहित प्रदेश के लगभग 42 जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं का दौर जारी रहने वाला है.

# आलोक नागर और राजेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त बनाया

**भोपाल/ उज्जैन. सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा आलोक नागर और राजेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त पदस्थ करने की अधिसूचना अवर सचिव सचिन्द्र राव ने जारी कर दी है.**

राज्य सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 15 की उपधारा (2) के अनुसरण में, राज्य सूचना आयोग, मध्यप्रदेश में वर्तमान में पदस्थ मुख्य सूचना आयुक्त और तीन राज्य सूचना आयुक्तों के



अतिरिक्त आलोक नागर और राजेश भट को राज्य सूचना आयुक्त पदस्थ किया हैं. राज्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल उस तारीख से, जिसको कि वे अपना पद ग्रहण करते हैं, तीन वर्ष या पैसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, होगा. आलोक नागर उज्जैन में असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटी उज्जैन संभाग के पद पर 1990 से 2007 तक रहे और उज्जैन संभाग कार्यालय स्थापित होने के पहले असिस्टेंट रजिस्ट्रार रहे हैं और रजिस्ट्रार पद से भोपाल में 2025 में सेवानिवृत्त हुए, वही राजेश भट्ट उज्जैन निवासी होकर समस्त शिक्षा इसी नगरी में हुई और वर्तमान में आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख है.



### उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने श्री महाकालेश्वर भगवान के किए दर्शन

भोपाल. उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन किया. दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

**बयान** | दतिया विधानसभा प्रकरण और किसानों की बदहाल स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए

# लोकतंत्र कमजोर हो रहा, किसान संकट में हैं : पटवारी

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 अप्रैल. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया विधानसभा प्रकरण, किसानों की बदहाल स्थिति और सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश और देश में लोकतंत्र का मूल आधार जनता का विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि भारत के चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जनता का भरोसा उठना लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है. दतिया विधानसभा मामले का जिक्र करते हुए पटवारी



ने आरोप लगाया कि दिल्ली सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को न्याय के लिए 60 दिन का समय दिए जाने के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आधी रात को विधानसभा सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी. उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का खुला उल्लंघन बताया. पटवारी ने सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज का मामला लंबित होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

किसानों की स्थिति पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष को सरकार ने किसान शोषण वर्ष बना दिया है. उन्होंने प्रदेश में खाद की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा, जहां महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की हुई, लाठीचार्ज हुआ और कई बुजुर्गों की जान तक चली गई, जबकि सरकार इस संकट से इनकार करती रही.

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा कि किसानों के लिए निर्धारित 50 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई. उन्होंने गेहूं खरीदी में देरी और बारदाने की भारी कमी को लेकर सरकार को घेरा. उनके अनुसार, वर्ष 2026 में 10 करोड़ बारदाने की आवश्यकता थी, लेकिन सरकार ने केवल 2.6 करोड़ के लिए ही आवेदन किया, जिससे भारी संकट खड़ा हो गया. उन्होंने कहा कि यह कमी किसी युद्ध का परिणाम नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही का नतीजा है. पटवारी ने कहा कि खरीदी तिथियां बार-बार आगे बढ़ाने से किसानों को अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ी, जिससे लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने समर्थन मूल्य के वादे भी पूरे नहीं किए. उन्होंने घोषणा की कि कांग्रेस किसानों के समर्थन में प्रदेशभर की मंडियों में प्रदर्शन करेगी तथा भोपाल में एक दिन का उपवास और कृषि मंत्री के निवास के बाहर धरना दिया जाएगा.

# बाघ शावक की घटना में सतर्कता

- विशेषज्ञ टीम द्वारा जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**बुरहानपुर. जिले में 2 अप्रैल को एक वन्यजीव मादा बाघ शावक की मृत्यु की घटना, जिसका स्थल वन भूमि कक्ष क्रमांक 355 बीट पलासपानी वनपरिक्षेत्र खकनार के अंतर्गत एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरुप त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्रवाई की गई.**



वनमण्डलाधिकारी सिंह ने जानकारी दी कि पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डब्ल्यूसीटी भोपाल डॉ. प्रशांत देशमुख, पशु चिकित्सक खकनार डॉ. विकास माहिले इत्यादि चिकित्सकों के दल द्वारा किया गया है. वन्यजीव बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये. निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह/ भस्मीकरण की कार्रवाई वन संरक्षक खंडवा वृत्त खंडवा बासु कनौजिया, तहसीलदार खकनार रविन्द्रसिंह मंडलोई, सरपंच ग्राम दांतपहाड़ी सुमारीबाई, एनटीसीए के प्रतिनिधि मंजीत सिंह, वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत देशमुख व अन्य की उपस्थिति में की गई. प्रकरण में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**